नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# इंग्लैडं जा रहे ऋषभ पंत से पूछा- रोहित शर्मा कहां है ? जवाब सुन सभी हंस पड़े, वीडियो वायरल।

Publisher

Published on 06 Jun 2025



## इंग्लैडं दौरे के लिए रवाना होते समय ऋषभ पंत ने रोहित शर्मा के वायरल वीडियो पर मजाकिया जवाब दिया। उनका यह वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है।

**मुंबई, 6 जून 2025:** भारतीय टेस्ट टीम शुक्रवार को इंग्लैंड दौरे के लिए रवाना हुई।
शुभमन गिल की कप्तानी में टीम के खिलाड़ी मुंबई एयरपोर्ट से इंग्लैंड के लिए निकले। इस दौरान **टीम के उपकप्तान ऋषभ पंत** का एक मजेदार वीडियो वायरल हो रहा है।
एयरपोर्ट पर उनसे एक कैमरामैन ने '**रोहित शर्मा कहां है ?**' सवाल किया, जिस पर पंत ने रोहित शर्मा के वायरल मीम का जिक्र करते हुए ऐसा जवाब दिया कि सभी लोग हंस पड़े।

क्या बोले ऋषभ पंत ?

दरअसल, हाल ही में **रोहित शर्मा का एक वीडियो** वायरल हुआ था, जिसमें वे खिलाड़ियों को कहते दिखे थे कि "कोई गार्डन में नहीं घूमेगा।"
इस वीडियो पर कई मीम्स बने और यह सोशल मीडिया पर ट्रेंड करता रहा।

इसी वीडियो का जिक्र करते हुए जब **ऋषभ पंत** से एयरपोर्ट पर सवाल किया गया,
"रोहित शर्मा कहां हैं ?"

तो पंत ने मुस्कुराते हुए कहा,
"रोहित भाई गार्डन में घूम रहे हैं।"

यह सुनकर वहां मौजूद सभी लोग जोर-जोर से हंस पड़े।
फिर एक फैन ने पंत से पूछा,
"गार्डन की याद तो आएगी न?"
इस पर पंत बोले,
"हां, गार्डन की तो याद आएगी ही बहुत।"

**रोहित शर्मा का टेस्ट से संन्यास**
बता दें कि **रोहित शर्मा ने 7 मई 2025** को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।
इसके बाद **बीसीसीआई ने शुभमन गिल को नया टेस्ट कप्तान** और **ऋषभ पंत को उपकप्तान** नियुक्त किया है।

टीम इंडिया इंग्लैंड दौरे में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। पहला टेस्ट **20 जून 2025** से शुरू होगा।
इसके पहले भारतीय खिलाड़ी एक **इंट्रा-स्क्वाड** मैच खेलकर तैयारी करेंगे।

**इंग्लैडं दौरे के लिए टीम इंडिया का स्क्वाड**
**शुभमन गिल (कप्तान),ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर),**यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल,साई सुदर्शन,अभिमन्यु ईश्वरन,करुण नायर,नितीश रेड्डी,रवींद्र जड़ेजा,**ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर)**,वाशिंगटन सुंदर,शार्दुल ठाकुर,जसप्रीत बुमराह,मोहम्मद सिराज,प्रसिद्ध कृष्णा,आकाश दीप,अर्शदीप सिंह,कुलदीप यादव

https://samacharwani.com/wp-content/uploads/2025/06/x-downloader.com_Ytetgc.mp4
ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.